Regarding construction of new Railway station at Mahoba Chattarpur instead of Mahoba Kulpahar in Bundelkhand

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): बुन्देलखण्ड में विगत 9 वर्षों से आधरभूत संरचनाओं जैसे सड़क,बिजली,पानी,स्वास्थ्य,इत्यादि का अभूतपूर्व विकास किया जा रहा है और इन सब के लिये मैं केंद्र सरकार का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ । मेरे संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में झांसी से खजुराहों के मध्य रेलवे लाइन के डाइवर्जन के कारण बहुत सी ट्रेनों का आवागमन महोबा नगर से न हो पाने के कारण अभी महोबा -कुलपहाड़ रोड पर स्थित रेलवे स्टेशन के अतिरिक्त महोबा में नया स्टेशन नई डाइवर्जन लाइन पर प्रस्तावित है । परन्तु इस नए स्टेशन का प्रस्ताव भी महोबा कुलपहाड़ रोड पर ही है । जबकि डाइवर्जन रेल लाइन का महोबा छतरपुर रोड से भी जा रही है । नगर के दूसरी दिशा में स्थित महोबा छत्तरपुर रोड पर प्रस्तावित रेलवे स्टेशन बन जाने से पूरे क्षेत्र की जनता को लाभ होगा । अतः मेरा सरकार से निवेदन है कि महोबा में प्रस्तावित नए रेलवे स्टेशन को महोबा कुलपहाड़ रोड पर बनाये जाने के स्थान पर महोबा छतरपुर रोड पर बनाया जाये ।